Jagran Josh Presents Rank One

JagranJosh.com

बिजनेस-स्कूल रैंकिंग 2018

भारत की पहली व्यापक रैंकिंग

नई दिल्ली, सोमवार, 6 मार्च 2018

पश्चिम भारत के बेस्ट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट

सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पुणे

सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की स्थापना 1999 में शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के उद्देश्य हुई। इसका मुख्य उद्देश्य इंडियन सेंसिबिलिटी और वेस्टर्न आउटलुक के मिश्रित प्रभाव वाले इनोवेटिव लर्नर्स का विकास कर एक विश्व स्तरीय उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाना है। सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट को दो लिमका बुक अवार्ड्स सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 50 से अधिक अवार्ड्स से सम्मानित किया गया है।

सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसआइबीएम), पुणे

यह संस्थान भारत के प्रमुख बी- स्कूल्स में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता, हाई क्वालिटी मैनेजमेंट प्रोग्राम तथा इंडस्ट्री, सोसाइटी और स्टूडेंट्स के विकास में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए प्रसिद्ध है। एसआइबीएम पुणे की स्थापना 1978 में हुई थी। इस संस्थान में मार्केटिंग, फाइनेंस, ऑपरेशन तथा ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में दो वर्षीय फुलटाइम मैनेजमेंट प्रोग्राम, स्नैप एडमिशन के जरिये इनोवेशन तथा एंटरप्रेन्योर में दो वर्षीय फुलटाइम एमबीए प्रोग्राम कराया जाता है।

केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ऐंड रिसर्च, मुंबई

केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ऐंड रिसर्च (एसआइएमएसआर) की स्थापना 1981 में मैनेजमेंट और इससे संबद्ध क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। यह संस्थान लगातार 25 मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और टॉप प्राइवेट बी-स्कूल की कैटेगरी में अपना स्थान बनाए हुए है। इसमें मैनेजमेंट में फुलटाइम तथा पार्ट टाइम प्रोग्राम के अलावा एमसीए तथा डॉक्टरेट की डिग्री भी प्रदान की जाती है। इसके सभी प्रोग्राम मान्यताप्राप्त हैं।

बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न मैनेजमेंट, पुणे

यह संस्थान इससे पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न मैनेजमेंट के नाम से जाना जाता था। पुणे में स्थित यह एक प्राइवेट बिजनेस स्कूल है। बीआइएमएम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने 1999 में मान्यता प्रदान की थी। इस इंस्टीट्यूट में मैनेजमेंट स्टडीज के अलावा प्रोफेशनल्स के लिए दो वर्षीय पीजीडीएम एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम कराया जाता है। यहां एडमिशन कैट / मैट / एक्सएटी/ सीएमएटी या एमएच-सीईटी प्रवेश परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होता है।